# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VIII | Department: Hindi (2nd Lang) | Date :10.10.24 |
|---|---|---|
| Study Material | Topic: - प्रत्यय, मुहावरे,गुण संधि | Note: Pls. write in your Hindi note book |

**I.निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए-**

| क्रमांक | प्रत्यय | मूल शब्द | प्रत्यय से बने शब्द |
|---|---|---|---|
| 1 | अक | पाठ,धाव | पाठक,धावक |
| 2 | कार | कहानी, कथा | कहानीकार, कथाकार |
| 3 | पा | बूढ़ा, मोटा | बुढ़ापा, मोटापा |
| 4 | इमा | लाल, काला | लालिमा, कालिमा |
| 5 | इन | माली,धोबी | मालिन, धोबिन |
| 6 | इका | गायक, नायक | गायिका, नायिका |
| 7 | त्व | देव, गुरु | देवत्व ,गुरुत्व |
| 8 | आना | साल, रोज़ | सालाना, रोज़ाना |
| 9 | नाक | खतरा, खौफ़ | खतरनाक, खौफ़नाक |
| 10 | खोर | सूद,रिश्वत | सूदखोर,रिश्वतखोर |

**II.मुहावरे-**

1-**एक आँख न भाना** (बिल्कुल अच्छा न लगना) राजेश का खाली बैठना उसके पिताजी को एक आँख नहीं भाता।

**2.एड़ी चोटी का जोर लगाना -** (किसी कार्य को करने के लिए कठिन परिश्रम करना) मोहन को अपनी कक्षा में प्रथम आना था, इसलिए उसने

एड़ी चोटी का जोर लगा दिया।

**3-सिर धुनना (पछताना) –** छात्र अपना खराब परीक्षाफल देखकर सिर धुनने लगा।

**4-कान भरना (चुगली करना)–** मोहल्ले की बूढ़ियाँ एक-दूसरे के विरुद्ध कान भरती रहती हैं।

**5. बाएँ हाथ का खेल(बहुत आसान काम)**-आजकल राजनीतिज्ञों के लिए क्षण-क्षण ज़बान बदलना बाएँ हाथ का खेल हो गया है ।

6 **आग में घी डालना –(क्रोध को बढ़ाना)-**पिता पहले से ही नाराज़ थे और तुम्हारी शिकायत ने तो आग में घी डाल दिया ।

**7. कानोकान खबर न होना (बिलकुल खबर न होना) –** बदनामी के डर से मेहता जी कब दिल्ली छोड़कर चले गए, किसी को कानों कान खबर नहीं हुई।

**8. अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना** (स्वयं अपने लिए मुसीबत पैदा करना)- राजू!उस गुंडे से दुश्मनी मोल लेकर तुम अपने पाँव पर कुल्हाड़ी क्यों मार रहे हो।

**9.कलेजा ठण्डा होना** (सुख-संतोष मिलना)- जब रवि की नौकरी लग गई तब उसकी माँ का कलेजा ठण्डा हुआ।

**10.कोल्हू का बैल** (अत्यधिक परिश्रमी व्यक्ति)- धीरू हमेशा काम में ही लगा रहता है, वह तो कोल्हू का बैल है।

**IV.गुण संधि**

**नियम-1**

ह्रस्व) अ (या दीर्घ) आ (के बाद किसी भी ढंग से इ या ई आए तो संधि करने पर 'ए 'हो जाएगा | जैसे -

अ+इ=ए -नर+इंद्र =नरेंद्र अ+ई=ए -नर+ईश =नरेश

आ+इ=ए- महा+इंद्र= महेंद्र आ+ई=ए- महा+ईश= महेश

**नियम-2**

ह्रस्व)अ (या दीर्घ) आ (के बाद किसी भी ढंग से उ या ऊ आए तो संधि करने पर' ओ 'हो जाएगा । जैसे –

अ+उ= ओ = ज्ञान + उपदेश =ज्ञानोपदेश

आ+उ=ओ = महा+उत्सव =महोत्सव

अ+ऊ=ओ = जल+ऊर्मि= जलोर्मि

आ+ऊ=ओ = महा+ऊर्मि= महोर्मि

**नियम-3**

ह्रस्व) अ(या
दीर्घ) आ (के बाद ऋ आए तो संधि करने पर' अर् 'हो जाएगा|

जैसे –

अ+ऋ= अर्= देव+ऋषि = देवर्षि

आ+ऋ=अर्= महा+ऋषि = महर्षि

अभ्यास कार्य

संधि कीजिए-

1- सूर्य + उदय =

2- महा + उत्सव =

3- लोक + उक्ति =

4- वीर +उचित =

5- पर + उपकार =

6- राजा + ऋषि =

संधि-विच्छेद कीजिए–

1. देवर्षि =
2. ज्ञानोपदेश =
3. सुरेंद्र =
4. शुभेच्छा =
5. चंद्रोदय =
6. हितोपदेश =

==========================================================